डीएवीवी में प्लेसमेंट ड्राइव का दूसरा फेज़ हुआ पूरा

दोनों चरणों के बाद 745+ छात्रों को मिले ऑफर , कुलपति महोदया ने किया सम्मानित

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के अकादमिक सत्र 2019-20 का दूसरा चरण पूरा हो चुका है । सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट कमेटी ने शुक्रवार को इसके परिणाम जारी किए । रिजल्ट्स के मुताबिक दूसरे फेज़ में कुल 13 कंपनियाँ आई जिसमें 271+ छात्रों को जॉब ऑफर मिले ।

इन प्रक्रिया में मुख्य रूप से आईआईपीएस ,आईईटी और एससीएसएंडआइटी के छात्रों को ऑफर मिले। प्रक्रिया के द्वितीय चरण के अंतर्गत मल्टी नेशनल कंपनी वीएमवेर ने छात्रों को 19.5 लाख का सबसे बड़ा पैकेज दिया , जिसमे 6 छात्र चयनित हुए । इसके अलावा कैम्पस रिक्रूटमेंट के लिए आई कंपनियों में एलएंडटी इंफ़ोटेक ,डेफ़ोडिल,यश टेक्नोलोजिस,एनईसी टेक्नोलोजिस और केपिलरी जैसी बड़ी कंपनियाँ भी रही, जिन्होने छात्रों को अच्छे पैकेज दिये ।

इससे पहले सेंट्रलाइज्ड प्लेसमेंट कमेटी ने सितंबर माह में पहला चरण समाप्त किया था । जिसके अंतर्गत 474 छात्रों को ऑफर मिले थे । 3 माह तक चले प्लेसमेंट प्रक्रिया में कुल 34 कंपनियों में छात्रों को 745+ ऑफर मिल चुके है ।

द्वितीय चरण की ख़ास बात यह रही की इस चरण में दिये जाने वाला औसत पैकेज 5.8 था और 19.5 का सबसे बड़ा ऑफर था । दूसरे चरण की समाप्ति के बाद कई छात्रों के पास तीन से भी ज़्यादा ऑफर है ।

प्लेसमेंट ड्राइव के दूसरे चरण की समाप्ति की घोषणा आईआईपीएस में की गई । इस कार्यक्रम के दौरान देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की कुलपति महोदया डॉ. रेणु जैन सहित आईआईपीएस डायरेक्टर डॉ. ए. के. सप्रे, डॉ . सुरेश पाटीदार, डॉ. गोविंद माहेश्वरी, डॉ. नितिन नागर, श्री वाय एस बावल, डॉ. रमेश ठाकुर, डॉ. मंजु सचदेव एवं कम्प्युटर और मैनेजमेंट के समस्त प्रोफेसर्स भी मौजूद रहे। इसके अलावा आईएमएस के प्लेसमेंट अधिकारी श्री अवनीश व्यास तथा श्री निशिकांत वायकर भी मौजूद थे ।

कार्यक्रम की शुरुआत देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के कुलगीत से की गई । जिसके पश्चात कुलपति महोदया और आईआईपीएस डायरेक्टर सर को भेंट में तुलसी का पौधा देकर सम्मानित किया गया । इसके उपरांत प्लेसमेंट ऑफिसर डॉ. गोविंद माहेश्वरी ने अपने सम्बोधन में चयनित हुए छात्रों की जानकारी दी और उन्हे उनके उज्ज्वल भविष्य की बधाई दी। इसके बाद कुलपति महोदया ने सभी को संबोधित करते हुए चयनित हुए छात्रों को बधाई देते हुए उनका उत्साह बढ़ाया । उन्होने एक से ज़्यादा कंपनियों में चयनित हुए छात्रों को ख़ास हिदायत देते हुए सही निर्णय लेने और भविष्य को उज्जवल करने की सलाह दी । आईआईपीएस डायरेक्टर डॉ. ए. के. सप्रे ने अपने सम्बोधन में सभी छात्रों को खुद को बधाई देने को कहा जिन्होने अपने प्रयास और लगन से प्लेसमेंट पाया ।

इसके पश्चात कुलपति महोदया ने सभी छात्रों को उपहार दिये और उनके साथ फोटो खिचवाई ।

कुलपति महोदया और डायरेक्टर सर ने प्लेसमेंट प्रक्रिया से जुड़े सभी प्रोफेसर्स को उपहार दिये तथा उनके प्रयास की सराहना की । इसके पश्चात पूरी प्रक्रिया में लगे अशैक्षणिक कर्मचारियों को भी कुलपति महोदया ने उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में कुलपति महोदया एवं सभी शिक्षकों ने प्लेसमेंट सेल को बधाई देते हुए उनके लगातार किए गए प्रयासों की सराहना की ।

प्लेसमेंट कमेटी की माने तो दूसरे चरण की समाप्ति के बाद लगभग सभी छात्रों का प्लेसमेंट हो गया है । आकड़ों के अनुसार लगभग 88% छात्रों के पास ऑफर है। इसके अलावा आईआईपीएस, आईएमएस तथा अन्य मैनेजमेंट कोर्स के प्लेसमेंट प्रक्रिया के परिणाम आना अभी शेष है । प्लेसमेंट की प्रक्रिया अभी जारी है और चयनित हुए छात्रों की संख्या बढ़ने की आशंका है ।